भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3985

17 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ

विषय: किसान उत्पादक संगठनों में महिलाएं

3985. श्री जगदीश चंद्रा बर्मा बसुनियाः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में 1 मार्च, 2026 तक किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की कुल संख्या कितनी है;

(ख) ऐसे एफपीओ की कुल संख्या कितनी है जिन्हें शत-प्रतिशत महिला सदस्य वाले एफपीओ के रूप में पंजीकृत किया गया है; और

(ग) देश के सभी खाद्य उद्यमों में हुए कुल पंजीकरण में से कुल कितनी महिला किसान पंजीकृत हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री भागीरथ चौधरी)

(क): सरकार "10,000 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के गठन और संवर्धन" के लिए एक केंद्रीय क्षेत्र योजना लागू कर रही है। 1 मार्च 2026 तक, इस योजना के अंतर्गत देश भर में कुल 10,000 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को पंजीकृत किया जा चुका है।

(ख): 1 मार्च, 2026 तक, 10,000 एफपीओ योजना के अंतर्गत, 1175 एफपीओ 100% महिला सदस्यों के रूप में पंजीकृत हैं।

(ग): 1 मार्च 2026 तक, 10,000 एफपीओ योजना के अंतर्गत, देश भर में 23.55 लाख महिला किसान पंजीकृत हैं।

*****